दैनिक भास्कर

कार्रवाई / 40 हजार के नकली नोट सहित तीन गिरफ्तार

Hindi News | Local | Rajasthan | Pali | Mount abu

Three arrested with fake notes of 40 thousand

Jun 15, 2020, 07:30 AM IST

आबूरोड. गुजरात पुलिस ने कलर प्रिंटर से नकली नोट चलाने के आरोप में पुलिस ने पूर्व में पकड़े आरोपियों से पूछताछ के बाद रविवार को सिरोही के कालंद्री थाना क्षेत्र के तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से चालिस हजार रुपएए कलरप्रिंटर व कलर की डिब्बी तथा नोट बनाने में प्रयुक्त कागज जब्त किए है।

बनासकांठा एसपी तरुण दुग्गल के निर्देश पर एसओजी टीम के इंस्पेक्टर एनएन परमार ने कालंद्री थाना क्षेत्र के अमीर भाई व रामा भाई को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की थी। पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही कालंद्री थाना क्षेत्र के मंडवारिया निवासी जालाराम पुत्र कृष्ण राम देवासी, लाला राम पुत्र प्रभुराम देवासी तथा कालंद्री निवासी शंकर भाई पुत्र मीराबाई को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पुलिस ने 40 हजार रुपए, कलर प्रिंटर तथा नकली नोट बनाने में प्रयुक्त होने वाला कागज व अन्य सामग्री जब्त की है। इस मामले में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/rajasthan/pali/mount-abu/news/three-arrested-with-fake-notes-of-40-thousand-127411578.html